दैनिक

# नज़रिया खबर

*भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त*



पेज-07

RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 327 | देहरादून, मंगलवार 27 मई, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति


# मालन पुल सहित सात योजनाओं का मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल लोकार्पण

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को पौड़ी जनपद के कोटद्वार में चिल्लरखाल–पाखरो मोटर मार्ग पर निर्मित मालन पुल के सुरक्षात्मक कार्य सहित कुल सात निर्माण कार्यों का वर्चुअल लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने जनता को वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए कहा कि मालन सेतु का पुनर्निर्माण राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके अंतर्गत प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। इस पुल के शुरू होने से कोटद्वार एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, रेल एवं हवाई कनेक्टिविटी से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। इसी क्रम में कोटद्वार के विकास के लिये भी कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर काम किया जा रहा है। कोटद्वार में जहां एक ओर नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत 135 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक



योजनाओं का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य चल रहा है, वहीं दूसरी ओर 691 करोड़ की लागत से कोटद्वार में चार लेन बाईपास और कोटद्वार–नजीबाबाद डबल लेन सड़क का निर्माण भी कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोटद्वार–पौड़ी–श्रीनगर सड़क को भी अब डबल लेन में अपग्रेड किया जा रहा है। जिससे यात्रियों को सुविधा मिलेगी और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कोटद्वार रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण किया जा रहा है। सिद्धबली–कोटद्वार से दिल्ली तक नई ट्रेन सेवा भी शुरू हो चुकी है। कोटद्वार में अस्पताल और बस स्टैंड टर्मिनल का भी निर्माण प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि कोटद्वार में केंद्रीय विद्यालय के निर्माण के लिये लिये कैबिनेट में प्रस्ताव लाकर विद्यालय के लिये भूमि हस्तांतरित कर दी गई है। सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

शेष खबर पेज आठ पर देखें

## न्यूज डायरी

### राज्यपाल ने गुरुद्वारे में मत्था टेका और मां नैना देवी मंदिर में की पूजा-अर्चना



**नैनीताल।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने अपने नैनीताल प्रवास के दौरान सोमवार को नैनीताल स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारे में मत्था टेका और मां नैना देवी मंदिर में पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की। राज्यपाल के आगमन पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति एवं मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि ऐसे स्थलों पर आकर एक विशेष प्रकार की आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव होता है।

### हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग से बर्फ हटा रही चमोली पुलिस

**चमोली।** हर साल शीतकाल के बाद जब हेमकुंड साहिब की यात्रा शुरू होती है, तो अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बर्फबारी के कारण मार्ग पर बर्फ की मोटी परतें जम जाती हैं। इससे श्रद्धालुओं को आवागमन में भारी कठिनाई होती है और फिसलन का खतरा भी बढ़ जाता है। इसी चुनौती का सामना करने और देश–विदेश से आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए चमोली पुलिस और क्स्ट के जवान यात्रा मार्ग के विभिन्न हिस्सों पर फावड़ियों और अन्य आवश्यक उपकरणों की मदद से बर्फ को साफ कर रही हैं।

## नशे में धुत चालक गिरफ्तार, बस सीज, यात्रियों को दूसरी बस से भेजा

**उत्तरकाशी।** पुलिस ने नशे में बस चला रहे चालक को गिरफ्तार कर बस को सीज कर दिया है। उसके बाद बस में सवार यात्रियों को उनके गंतव्य पर पहुंचने के लिए दुसरी बस की व्यवस्था की गयी।



प्राप्त जानकारी के अनुसार चारधाम यात्रा के दौरान सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी सरिता डोबाल के निर्देशन में उत्तरकाशी पुलिस द्वारा जनपद के प्रवेश बैरियरों तथा पुलिस द्वारा लगाए गए नाको पर वाहन तलाशी विशेषकर ओवरस्पीड व ड्रिंक एण्ड ड्राइव के खिलाफ लगातार तलाशी अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में सोमवार को जनपद के प्रवेश बैरियर चिन्यालीसौड़, नगुण पर पुलिस द्वारा रुटीन तलाशी अभियान के दौरान बस को रोककर उसकी तलाशी ली गयी तो बस चालक सुभाष मौर्य पुत्र हेमराज मौर्य निवासी बसगर शक्ति फॉर्म सितारगंज, उधमसिंह नगर शराब पीकर वाहन चलाते हुये पाया गया, एल्कोमीटर परीक्षण में चालक की नशे में होने की पुष्टि हुयी है।

## खुलासा: हरिद्वार में डांट फटकार से परेशान बेटे ने की थी गोली मारकर पिता की हत्या

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिले के खानपुर थाना क्षेत्र में 23 मई रात को सोते हुए एक ग्रामीण की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड का पुलिस ने सोमवार को खुलासा कर दिया है। पुलिस के मुताबिक हत्यारोपी कोई और नहीं, बल्कि मृतक का बेटा ही निकला। आरोपी को पिता का रोकना–टोकना पसंद नहीं था, इसलिए उसने अपने पिता की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

हरिद्वार एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि 23 मई देर रात को खानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हस्तमौली निवासी



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

मलखान (पुत्र स्वर्गीय महेन्द्र सिंह) की सोते हुए गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। मलखान के बेटे सौरभ ने 112 नंबर पर पुलिस को हत्याकांड की सूचना दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। मौके पर मलखान मृत पड़ा हुआ था। मलखान के सीने में गोली मारी गई थी।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस को पूछताछ के दौरान जानकारी मिली कि मलखान को शराब पीने की लत थी। मलखान का बड़ा बेटा सूरज घर पर ही रहता था और अधिकतर मोबाइल पर अपना समय बिताता था। आरोप है कि सूरज मोबाइल पर लड़कियों से बात भी किया करता था, जिस वजह से अक्सर मलखान अपने बेटे सूरज को डांटता भी था। आरोप है कि सूरज अपने पिता मलखान की टोका–टोकी का काफी नाराज था। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने बताया कि उसके पिता खुद तो कुछ काम धंधा करते नहीं थे, जबकि उसकी मां दिहाड़ी मजदूरी पर जाती थी।

इसी वजह से उसका अपने बाप के साथ अक्सर विवाद होता रहता था। 23 मई को भी मलखान और उसके बेटे सूरज के बीच किसी बात को लेकर मामूली विवाद हुआ था। झगड़े के बाद मलखान चारपाई पर सोया था। तभी मौका देखकर 19 साल के सूरज ने अपने पिता को सोते हुए गोली मार दी।

27 May 2025_Copy of Layout 1 5/27/2025 2:00 PM Page 2



# संपादकीय

## राम सेतु को घोषित किया जाए राष्ट्रीय स्मारक

स्वामी ने तर्क दिया कि तमिलनाडु में पंबन द्वीप (रामेश्वरम) को श्रीलंका के तट पर मन्नार द्वीप से जोड़ने वाली चूना पत्थर की एक श्रृंखला राम सेतु, ऐतिहासिक, पुरातात्विक और धार्मिक महत्व रखती है। पूर्व राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाकर केंद्र को राम सेतु को ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने की उनकी लंबे समय से लंबित मांग पर निर्णय लेने का निर्देश देने की मांग की है। अपनी नई याचिका में स्वामी ने कहा कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के जनवरी 2023 के आदेश के अनुरूप सरकार को औपचारिक प्रतिनिधित्व प्रस्तुत किया था, लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। याचिका में सर्वोच्च न्यायालय से अनुरोध किया गया है कि वह केंद्र सरकार को राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण (एनएमए) के साथ मिलकर राम सेतु को प्राचीन स्मारक और पुरातत्व स्थल एवं अवशेष अधिनियम, 1958 के तहत राष्ट्रीय महत्व के प्राचीन स्मारक का दर्जा देने का निर्देश दे। स्वामी ने तर्क दिया कि तमिलनाडु में पंबन द्वीप (रामेश्वरम) को श्रीलंका के तट पर मन्नार द्वीप से जोड़ने वाली चूना पत्थर की एक श्रृंखला राम सेतु, ऐतिहासिक, पुरातात्विक और धार्मिक महत्व रखती है। उन्होंने कहा कि यह संरचना अधिनियम के तहत संरक्षण के लिए सभी कानूनी मानदंडों को पूरा करती है और इसे किसी भी संभावित दुरुपयोग, प्रदूषण या क्षति से बचाया जाना चाहिए। उनकी याचिका में कहा गया है, ष्यह पुरातात्विक स्थल उन लोगों के लिए आस्था और श्रद्धा का विषय है जो राम सेतु को तीर्थ मानते हैं। स्वामी ने मामले में पहले की घटनाओं का भी हवाला दिया, जिसमें 2017 में केंद्र द्वारा सेतु के अस्तित्व को स्वीकार करना और उस वर्ष इसकी विरासत की स्थिति पर विचार करने के लिए आयोजित मंत्रिस्तरीय बैठक शामिल है। हालांकि, उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में उनके कानूनी प्रयासों के बावजूद कोई और प्रगति नहीं हुई है। पिछली सुनवाई में केंद्र सरकार ने अदालत को सूचित किया था कि संस्कृति मंत्रालय के भीतर राम सेतु को राष्ट्रीय विरासत स्मारक घोषित करने की प्रक्रिया चल रही थी। इसके बाद, सुप्रीम कोर्ट ने स्वामी से मंत्रालय के समक्ष एक अभिवेदन दाखिल करने को कहा था, जिस पर उनका कहना है कि अभी तक कोई निर्णय नहीं हुआ है।

# 'आतंकवाद के खिलाफ एकता और भाजपा का पाखंड'

विदेश सेवा के अधिकारियों के मुकाबले, इन सांसदोंध राजनीतिक नेताओं का वजन विदेशी मोर्चे पर भी इसीलिए अधिक माना जा रहा है कि वे अपनी राजनीतिक पार्टियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो भारतीय जनता की राय का प्रतिनिधित्व करती हैं। लेकिन, सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी की आंतरिक दिक्कतों का फायदा उठाने की कोशिश में, मोदी सरकार ने इन मिशनों के भेजे जाने के पूरे विचार में ही पलीता लगा दिया है।

मैं यह देखकर प्रसन्न हूं कि कई दक्षिणपंथी टिप्पणीकार कर्नल सोफिया कुरैशी की सराहना कर रहे हैं, लेकिन शायद उन्हें उतनी ही शिद्दत से यह मांग भी करनी चाहिए कि भीड़ हिंसा के शिकार, बिना कानूनी प्रक्रिया के मकानों पर बुलडोजर चलवाए जाने और भाजपा की नफरत की राजनीति के शिकार अन्य लोगों को भी, समान रूप से एक भारतीय नागरिक के रूप में न्याय और सुरक्षा दी जाए। श्दो महिला अफसरों का प्रेस कान्फ्रेंस करना दीखने में एक महत्वपूर्ण दृश्य हो सकता है, लेकिन जब तक यह नजारा जमीनी स्तर पर ठोस बदलाव में तब्दील न हो, तब तक यह केवल एक श्दृश्य राजनीतिश (ऑप्टिक्स) ही रहेगा कृ एक छलावा। अशोका विश्वविद्यालय के इतिहास तथा राजनीति विभाग के प्रोफेसर तथा राजनीति विभाग के विभागाध्यक्ष, प्रो. अली खान महमूदाबाद की ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित अपेक्षाकृत लंबी



फेसबुक पोस्ट की शायद यही पंक्तियां हैं, जिनके लिए न सिर्फ उनको हड़बड़ी में हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है, उन्हें अन्य अनेक धाराओं के अलावा राजद्रोह के दो–दो आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। हजारों की संख्या में अकादमिकों और सामाजिक–राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने प्रोफेसर अली खान की गिरफ्तारी को सरासर अनुचित तथा मनमानी बताते हुए, इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दमन बताने के साथ ही, जिस तरह कुछ विस्तार से उनकी टिप्पणी में कुछ भी, किसी भी नजर से आपत्तिजनक होने मात्र का खंडन किया है, उससे पूरी तरह से सहमत होने के चलते, हम यहां उसे दोहराना आवश्यक नहीं समझते हैं। हम यहां सिर्फ इतना ध्यान दिलाना चाहेंगे कि प्रो. अली इस टिप्पणी में जिस छलावे या पाखंड से बचे जाने का ताकाजा कर रहे थे, उनकी गिरफ्तारी आतंकवाद के विरुद्ध राष्ट्र को एकजुट करने के इस चुनौतीपूर्ण समय में भी सत्ताधारी संघ–भाजपा के उसी पाखंड का सहारा लेने का, एक और सबूत पेश कर रही थी। प्रो. अली की गिरफ्तारी इस पाखंड को इसलिए और किसी उदाहरण से ज्यादा मुखरता से उजागर करती है कि ठीक इसी समय पर, मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री, कुंवर विजय शाह के मामले में, उसी संघ–भाजपा की सरकार, इससे ठीक उल्टा ही आचरण प्रदर्शित कर रही थी। प्रो. अली के विपरीत, भाजपायी मंत्री के खिलाफ, किसी भी नजर से क्यों न देखा जाए, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सचेत रूप से भारतीय कार्रवाई का चेहरा बनायी गयी, कर्नल सोफिया कुरैशी के घनघोर अपमान का मामला बनता है। बेशक, पहलगाम में आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हत्याएं की थीं। और जैसा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सरकार की ओर से एक पत्रकार वार्ता में, विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने रेखांकित भी किया था, इसके पीछे आतंकवादियों का मकसद देश में सांप्रदायिक विभाजन पैदा करना था। उनका यह कहना भी बहुत हद तक सही था कि देश ने, आतंकवादियों के इन मंसूबों को विफल कर दिया था। पर बहुत हद तक ही। बेशक, आतंकवादियों की इस दरिंदगी के खिलाफ आम तौर पर पूरा देश एकजुट था। जम्मू–कश्मीर ने और देश के अल्पसंख्यकों ने खासतौर पर, इस दरिंदगी के लिए अपने नाम के इस्तेमाल को बलपूर्वक ठुकराया था। देश व जनता की इस व्यापक एकता की अभिव्यक्ति, सर्वदलीय बैठक के जरिए आतंकवाद और उसके प्रश्रयदाताओं के खिलाफ, पूरी तरह से एकजुट संदेश में भी हुई थी।

# पानी का झगड़ा-पाकिस्तान में गृह युद्ध छिड़ा -बलूचिस्तान व सिंध आज़ादी पर अड़ा



## भारत के साथ संघर्ष में उलझे पाक हुकुमरानों को बुरी खबर आई-खैबरपख्तून,बलूचिस्तान व सिंध ने उग्र तेवरों में आज़ादी की आवाज उठाई

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर अगर दशकों पूर्व के इतिहास पर नजर डालें तो अनेकों ऐसे देश मिलेंगे जो पहले अखंड देश थे फिर इन्हींदेशों के राजनीतिक स्वार्थ के चलते गृह युद्ध होते रहे, व देश टूटते रहे, जिसका सटीक उदाहरण अखंड रूस, अखंड भारत है। अखंड भारत को देखें तो उनमें वर्तमान कुछ देशों के साथ पाकिस्तान भी इसमें शामिल था, जिसे लॉर्ड माउंटबेटन ने प्रक्रियात्मक तरीके से नेताओं के आपसी बातचीत से अलग कर दिया,जबकि 1912 के में सिंध गुजरात व मुंबई बॉम्बे प्रेसीडेंसी के अंतर्गत आते थे। फिर 1928 में अंग्रेजों की सरकार के सामने अलग सिंध प्रांत बनाने की मांग की गई जिसकी कमेटी बनाकर सिफारिश पेश की गई।फिर 1936 में मुंबई प्रेसिडेंसी से अलग कर सिंध को एक राज्य बना दिया गया, हालांकि मुंबई प्रेसिडेंसी में बहुमत हिंदुओं का था, व बाकी मुस्लिम जैन सिख इसाई अपेक्षाकृत कम जनसंख्या में थे। फिर 1941 में सिंध राज्य में मुस्लिम आबादी 72परसेंट व हिंदू आबादी 26 पेर्सेंट हो गई यानें जो मुंबई प्रेसिडेंसी बहुसंख्यक में थे वह सिंध राज्य बनने में अल्पसंख्यक में हो गए।

1947 में लॉर्ड माउंटबेटन ने भारत के बंटवारे को मंजूरी दी, फिर 26 जून 1947 को सिंध विधानसभा ने पाकिस्तान में मिलने का फैसला किया, फिर बंटवारे के बाद 1947–48 में 2 लाख हिंदुओं का नरसिंहार किया गया। यानें नेताओं ने अगर मुंबई प्रेसिडेंसी जिसमें गुजरात मुंबई व सिंध शामिल थे, जिसमें बहुमत हिंदुओं का था,को कायम रखने का निर्णय लेते तो आज पूरा सिंध भारत का एक हिस्सा होता। हालांकि यह आंदोलन जी एम साईद, नेता ने 1972 से ही शुरू किया था।परंतु अभी सिंध में 176 किलोमीटर लंबी पानी की 6 नई नहरें सिंधु से निकलकर पंजाब भेजने के लिए चेलिस्तान नहर प्रोजेक्ट चल रहा है,जो आज की चिंगारी है तो, दूसरा भारत द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करना भी पानी की त्राहिमाम मचाने में से एक कारण है।चूँकि भारत से तनाव के बीच पाकिस्तान के सिंध प्रांत में अलग सिंधु देश बनाने की मांग पर जबरदस्त आंदोलन व प्रदर्शन का आगाज जो 1972 से ही चल रहा है तथा भारत के साथ संघर्ष में उलझे पाकिस्तान हुकुमरनों को बुरी खबर आई खबर, पाकिस्तान बलूचिस्तान सिंध की आजादी के लिए उग्र आज उठाई जा रही है,गृहमंत्री का घर जलाने की स्थिति आई इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्धजानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे पानी का झगड़ा,पाकिस्तान में गृह युद्ध छिड़ा, बलूचिस्तान व सिंध आजादी पर पड़ा।

साथियों बात अगर हम सिंध के नाराज होने की असली वजह की करें तो, चोलिस्तान नहर प्रोजेक्ट तो इस आग की चिंगारी है, चोलिस्तान नहर प्रोजेक्ट– सिंधु नदी, जिसे पाकिस्तान की लाइफलाइन कहते हैं, उसका पानी पंजाब के चोलिस्तान रेगिस्तान में ले जाने के लिए पाकिस्तान की केंद्र सरकार और सेना ने 176 किलोमीटर लंबी छह नहरें बनाने की योजना बनाई, लेकिन सिंध के लोग इसे अपने लिए खतरा मानते हैं, क्योंकि सिंध की खेती, वहां के किसान, और लाखों लोगों की रोजी–रोटी इसी सिंधु नदी पर टिकी है, अगर ये पानी पंजाब की ओर डायवर्ट हुआ तो सिंध में सूखा पड़ सकता है, फसलें बर्बाद हो सकती हैं और पूरा इलाका रेगिस्तान बन सकता है, सिंध के लोगों ने सड़कों पर उतरकर इसी प्रोजेक्ट का विरोध किया। सिंध के किसानों को डर है कि उनकी फसलें मर जाएंगी, उनके बच्चे भूखे रह जाएंगे, और ये सिर्फ किसानों की बात नहीं है–राजनीतिक दल, धार्मिक संगठन, वकील, और एक्टिविस्ट, सब इस विरोध में शामिल हैं।हिंसा और राजनीतिक अराजकता चोलिस्तान नहर प्रोजेक्ट के खिलाफ सिंध में महीनों से प्रदर्शन चल रहे थे, पिछले महीने पाकिस्तान की काउंसिल ऑफ कॉमन इंटरेस्ट्स ने इस प्रोजेक्ट को रद्द कर दिया था, लेकिन सिंध के लोग कहते हैं, हमें भरोसा नहीं, हमें लिखित में चाहिए कि ये प्रोजेक्ट पूरी तरह बंद हो,और जब केंद्र सरकार ने उनकी बात नहीं सुनी तो गुस्सा फूट पड़ा, 21 मई 2025 को प्रदर्शनकारियों ने गृह राज्यमंत्री का घर तक फूंक डाला, देखा जाए तो ये जल संग्राम सिर्फ पानी की लड़ाई नहीं है. सिंध में आजादी की आवाजें भी बुलंद हो रही हैं।जय सिंध फ्रीडम मूवमेंट ने 17 मई को बड़े प्रदर्शन किए, जिसमें लोग सिंध की स्वायत्तता और पाक सेना के खिलाफ नारे लगा रहे थे। हालांकि इस वक्त सिंध प्रांत में जिस तरह का माहौल है, उसे देखते हुए इस तरह घटना को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, यहां पर शांतिपूर्ण आंदोलन और प्रदर्शनों के जरिये ही सही लेकिन लोग पाकिस्तान से अलग होने की मांग कर रहे हैं,जेएसएफ एम यानि जय सिंध फ्रीडम मूवमेंट के लोगों ने हाल ही में पाकिस्तान के मुख्य हाईवे पर इस मांग को लेकर प्रदर्शन भी किया था, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया था।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

27 May 2025_Copy of Layout 1 5/27/2025 2:00 PM Page 3



# मुख्य सचिव ने सिंचाई एवं लघु सिंचाई विभाग की समीक्षा की

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सोमवार को सचिवालय में सिंचाई एवं लघु सिंचाई विभाग की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने दोनों विभागों की प्रदेश में संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली। समीक्षा बैठक के दौरान सचिव आर. राजेश कुमार ने विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।

सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि विभाग की बड़ी परियोजनाओं के कार्य निर्धारित तिथि के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने सभी कार्यों की प्राथमिकता निर्धारित किए जाने की बात कही। कहा कि जिन क्षेत्रों में सिंचाई एवं जल संरक्षण की अत्यधिक आवश्यकता है, उन्हें प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि कार्य शुरू होने से लेकर पूर्ण होने तक के प्रत्येक कार्य की तिथि पूर्व से निर्धारित की जाए एवं तय समय–सीमा के भीतर कार्यों को पूर्ण करने हेतु सचिव एवं विभागाध्यक्ष के स्तर पर लगातार अनुश्रवण किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के सिंचित एवं असिंचित क्षेत्र की माप के लिए आधुनिक तकनीक को प्रयोग किया जाए। उन्होंने नहर, नलकूप एवं लिफ्ट नहर आदि को ग्राम पंचायत समितियों के माध्यम से संचालित किए जाने के निर्देश दिए।



समीक्षा बैठक लेते मुख्य सचिव।

उन्होंने सिंचाई अनुसंधान संस्थान द्वारा प्रदेश में सिंचाई क्षमता एवं अच्छी खेती वाले क्षेत्रों को चिन्हित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नहरों के मरम्मत कार्यों के लिए प्राथमिकताएं निर्धारित की जाएं। ऐसे क्षेत्र जहां सिंचाई की आवश्यकता अधिक है उन क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए योजनाएं तैयार की जाएं।

मुख्य सचिव ने नलकूप एवं लिफ्ट नहर जैसी योजनाओं के लिए सौर ऊर्जा संयंत्रों पर फोकस किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सिंचाई विभाग की खाली पड़ी जमीनों पर अपनी क्षमता के अनुसार सौर ऊर्जा संयंत्रों को स्थापित किए जाने की बात कही। उन्होंने विभाग के लिए इस वर्ष 01 मेगावाट सौर ऊर्जा का लक्ष्य निर्धारित किया। कहा कि इससे विभाग के विद्युत बिलों में कमी आएगी। लघु सिंचाई विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव ने ड्रिप एवं स्प्रिंकल योजना पर फोकस किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के भूजल की कमी वाले स्थानों में पानी की बचत के लिए ड्रिप एवं स्प्रिंकल योजना अत्यधिक लाभप्रद होगी। मुख्य सचिव ने कहा कि जमरानी, सौंग एवं बलियानाला लैंडस्लाईड ट्रीटमेंट जैसे बड़ी एवं महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए सचिव स्तर पर मासिक एवं विभागाध्यक्ष स्तर पर साप्ताहिक अथवा पाक्षिक अनुश्रवण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग की अल्पकालिक, मध्यकालिक एवं दीर्घकालिक योजनाओं के लक्ष्य बढ़ाए जाने की बात भी कही। कहा कि लक्ष्य बढ़ाने के साथ ही कार्यों को निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण कराए जाना भी सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सचिव ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जलाशय के निर्माण के लिए वन एवं पर्यावरण आदि की क्लीयरेंस में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सचिव आर. राजेश कुमार ने कहा कि जल संचयन, संवर्धन, पेयजल, सिंचाई हेतु बांध, बैराज, जलाशय एवं चौकडैम आदि का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

## कांग्रेस नेताओं ने श्रीदेव सुमन को जयंति पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**देहरादून।** उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद श्रीदेव सुमन की जयन्ती के अवसर पर उनका स्मरण करते हुएं उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। करन माहरा ने कहा कि स्वदेश के स्वाधीनता संग्राम के संघर्ष में शहीद होने वाले बीरों में भारत के युवा श्रीदेव सुमन को अदम्य साहस, शौर्य और निर्भीकता के लिए विश्व इतिहास में सदैव याद किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा श्रीदेव सुमन ने भारत की आजादी के लिए निरंतर संघर्ष किया। वह महात्मा गांधी और जवाहर लाल नेहरू के निर्देश पर हिमालय के राज्यों से जनता मुक्ति में संघर्षरत रहे। श्री देवसुमन टिहरी जेल में चौरासी दिन तक भूख हड़ताल के उपरान्त उन्तीस वर्ष की अल्पायु में 25 जुलाय 1944 में शहीद हो गये। उन्होने कहा कि युवा श्रीदेव सुमन ने स्वाधीनता के लिए संघर्ष करते हुए सदैव संगठन, सहयोग, सुधार और सत्याग्रह को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मुख्य आधार मान लिया था।

# परिणाम 'अनुकूल' तभी, जब 'किरदार' हो सकारात्मक और रचनात्मकः साध्वी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा संस्थापक एवं संचालक दिव्य गुरु आशुतोष महाराज जी के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से साप्ताहिक रविवारीय सत्संग–प्रवचन एवं भजन–संकीर्तन कार्यक्रम का दिव्य एवं भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन संगीतज्ञों द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति से हुआ। मंच संचालन करते हुए साध्वी अनीता भारती जी ने भजनों में छिपे गूढ़ आध्यात्मिक तथ्यों की विवेचना की। कहा कि ब्रह्मज्ञान विज्ञानों का परम विज्ञान है, जिसका आरंभ मानव हृदय के भीतर होता है। जब एक दिव्य गुरु आत्मतत्व और परमात्मतत्व का दिव्य मिलन करवाते हैं, तब मनुष्य को उसके जीवन का परम लक्ष्य प्राप्त होता है। महर्षि भारद्वाज जी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ईश्वर का साक्षात्कार केवल एक पूर्ण महापुरुष के माध्यम से ही संभव है। ब्रह्मज्ञान को ही शास्त्रों में पराविद्या और राजविद्या कहा गया है। साधना के मार्ग पर आने वाली चुनौतियाँ शिष्य की तितिक्षा की परीक्षा लेती हैं। जो शिष्य अपने गुरु पर अडिग विश्वास रखते हुए इन संघर्षों का सामना करता है, वही निरंतर प्रगति करता है।साध्वी ने आगे कहा कि जब कोई शिष्य अपना सर्वस्व गुरु चरणों में समर्पित करता है, तो गुरु उसे अपने आध्यात्मिक साम्राज्य का अधिकारी बनाते हैं और संसार की समस्त नेमतें भी प्रदान करते हैं। ऐसे शिष्य के लिए फिर लोक और परलोक की कोई भी उपलब्धि शेष नहीं रह जाती।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्य सचिव ने संबंधित पक्षों और जनपदों से आपदा प्रबंधन से संबंधित किए जाने वाले कार्यों की व्यावहारिकता और आवश्यकता की जानकारी लेते हुए सचिव आपदा प्रबंधन को आपदा प्रबंधन से संबंधित फंड को समय से और समुचित मात्रा में जारी करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने सभी जनपदों को और संबंधित पक्षों को निर्देशित किया कि आपदा प्रबंधन के कार्यों में तकनीकी समिति का सहयोग जरूर लें तथा जहां पर ज्योग्राफिक स्टडी की आवश्यकता हो उस दशा में उन संस्थानो का भी मार्गदर्शन भी प्राप्त करें। उन्होंने आपदा प्रबंधन के कार्यों को संपादित करने के दौरान मितव्ययिता का भी ध्यान रखने तथा समय से सभी तरह की तैयारी पूरी करने के लिए बेहतर प्रबंधन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने राज्य में आपदा प्रबंधन के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहे कार्यों का विवरण प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि आपदा प्रबंधन के कार्यों में संबंधित पक्षों का आपस में बेहतर समन्वय सुनिश्चित हो जिससे आपदा प्रबंधन के कार्य तेजी से पूरे हो सके। इस दौरान सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन, अपर सचिव विनीत कुमार, प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग राजेश शर्मा सहित संबंधित अधिकारी तथा विभिन्न जनपदों से वर्चुअल माध्यम से जिलाधिकारी बैठक में उपस्थित थे।


मुख्य सचिव बैठक लेते हुए।

# पेयजल की प्रत्येक समस्या का गंभीरता से संज्ञान ले रहा जिला प्रशासन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री के जनसेवा संकल्प के तहत पेयजल आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों के त्वरित समाधान को लेकर जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर एडीएम की अध्यक्षता में जिले स्तर पर समिति गठित की गई है, जो नियमित रूप से पेयजल शिकायतों की मॉनिटरिंग कर रहे है। डीएम के निर्देश पर पेयजल सप्लाई से जुडे 07 विभागों के अधिकारी 20 अप्रैल से जिला कंट्रोल रूम में तैनात किए गए है और डे–टू–डे पेयजल समस्याओं का त्वरित निस्तारण जारी है। विगत 14 अप्रैल से लेकर 26 मई तक पेयजल की 104 शिकायतें मिली है, जिसमें से 96 शिकायतों का समाधान कर पानी की आपूर्ति सुचारू कर दी गई है। पेयजल जल समस्याओं के निस्तारण हेतु संचालित कंट्रोल रूम को


जनसमस्याएं सुनते अधिकारी।

वार्ड–93 बडोवाला से सागर सिंह ने पानी न आने की शिकायत दर्ज की थी। जिस पर जल संस्थान के अधिशासी अभियंता ने क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर समस्या का निस्तारण कराया जा चुका है। वर्तमान में पेयजल आपूर्ति सुचारू है। आरकेडिया में लीकेज से सड़क पर बर्वाद हो रहे पानी की शिकायत पर क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें पेयजल लाइन में रिसाव मिलने पर तत्काल उसको मरम्मत करवा दिया गया है। वही चद्र शेखर आजाद नगर एवं काली मंदिर, जीएमएस रोड पर पेयजल बाधित, लो प्रेशर से पानी आने की शिकायत का भी समाधान कर दिया गया है। अंबीवाल और हरिजन बस्ती में अनियमित पेयजल की शिकायत पर जल संस्थान के अधिशासी अभियंता ने बताया कि विद्युत आपूर्ति में अस्थिरता होने के कारण लो प्रेशर से अंतिम छोर तक पेयजल आपूर्ति में समस्या थी। वर्तमान में विद्युत आपूर्ति सुचारू होने पर निर्बाध रूप से पेयजल आपूर्ति हो रही है। कंट्रोल रूम को मिलने वाली शिकायतों की नियमित समीक्षा के साथ पेयजल अधिकारी समस्याओं का डे–टू–डे समाधान करने में जुटे है।

27 May 2025_Copy of Layout 1 5/27/2025 2:00 PM Page 4



# उत्तराखंड सरकार सतर्कः कोविड-19 की स्थिति पर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, स्वास्थ्य सचिव ने दिए सभी तैयारियां चाक-चौबंद रखने के निर्देश

**स्वास्थ्य सचिव बोले अफवाहों पर ध्यान न दें, राज्य सरकार हर स्तर पर आपके स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध**

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** देशभर में कोविड–19 के मामलों में हालिया वृद्धि को देखते हुए उत्तराखंड सरकार सतर्क हो गई है। राज्य के सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, डॉ. आर. राजेश कुमार ने विभागीय उच्च अधिकारियों के साथ कोविड–19 प्रबंधन को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की।

बैठक में उन्होंने अधिकारियों को किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखने और किसी भी स्तर पर कोताही न बरतने के निर्देश दिए। डॉ. कुमार ने कहा कि कोविड–19 प्रबंधन की सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह से सक्रिय और दुरुस्त रहनी चाहिए। बैठक में महानिदेशक चिकित्सा डॉ सुनीता टम्टा, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ आशुतोष सयाना, असिस्टेंट डारेक्टर डॉ पंकज सिंह, सीएमओ देहरादून डॉ मनोज शर्मा, सीएमएस दून मेडिकल कॉलेज डॉ आरएस बिष्ट, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



स्वास्थ्य सचिव बैठक लेते हुए।

कोविड–19 के मामलों में देशभर में आई हालिया वृद्धि को देखते हुए उत्तराखंड राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क है। राज्य में अभी स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन हमें किसी भी संभावित चुनौती के लिए तैयार रहना चाहिए। इस समय घबराने की नहीं, बल्कि सतर्कता बरतने और सजग रहने की आवश्यकता है। हमारा प्रयास है कि राज्य के हर अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्र और मेडिकल कॉलेज में कोविड–19 से संबंधित सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित रहे कृ चाहे वह आइसोलेशन बेड हों, ऑक्सीजन सप्लाई की व्यवस्था हो या प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता। इसके अलावा हम यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि सर्विलांस सिस्टम मजबूत हो, जांच व्यवस्था में कोई कमी न हो और जरूरत पड़ने पर तेजी से कार्रवाई की जा सके। हमारी रैपिड रिस्पांस टीमें प्रशिक्षित और तैयार हैं। मैं राज्य के नागरिकों से अपील करता हूं कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहें और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करें। कोविड–19 से बचाव के लिए मास्क पहनना, हाथों की स्वच्छता बनाए रखना, भीड़भाड़ से बचना और लक्षण होने पर समय पर डॉक्टर से परामर्श लेना बेहद जरूरी है। हम सभी को एकजुट होकर जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी है ताकि हम न केवल खुद को, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी सुरक्षित रख सकें। यह समय अनुशासन और सहयोग का है, न कि लापरवाही का। राज्य सरकार हर स्तर पर आपके स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

राज्य के सभी सरकारी और निजी चिकित्सालयों व मेडिकल कॉलेजों को निर्देशित किया गया है कि वे कोविड मरीजों के उपचार के लिए आइसोलेशन बेड, ऑक्सीजन सिलेंडर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, बाइपैप मशीन, वेंटिलेटर, बेड, ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट और आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। सभी जिलों को कोविड–19 के संभावित मामलों की निगरानी को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सभी जांच केंद्रों में रैपिड टेस्ट किट और आरटी–पीसीआर किट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। आईडीएसपी कार्यक्रम के अंतर्गत गठित रैपिड रिस्पांस टीमों को किसी भी असामान्य परिस्थिति के लिए प्रशिक्षित और तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। कोविड लक्षणों वाले सभी रोगियों की जांच अनिवार्य रूप से की जाएगी और कोविड पॉजिटिव नमूनों को जांच के लिए संबंधित प्रयोगशालाओं में भेजा जाएगा। सभी स्वास्थ्य कर्मियों को कोविड–19 प्रबंधन और प्रतिक्रिया के लिए पुनः प्रशिक्षित किया जाएगा। साथ ही, जनता को सतर्क करने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें कोविड–19 से बचाव के लिए अपनाए जाने वाले व्यवहार के बारे में जानकारी दी जाएगी।

# एक शिक्षक के पर बच्ची से गंदी करकत करने का लगा आरोप, पुलिस की जांच शुरू

**अल्मोड़ा (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिले में टीचर एक टीचर ने नाबालिग बच्ची से अश्लील हरकत कर दी। इसी मामले में पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। मामले सामने के बाद शिक्षा विभाग ने आरोपी शिक्षक को स्कूल के हाटकर कार्यालय में अटैच कर दिया है। जिसके बाद आरोपी शिक्षण कार्यालय से छुट्टी लेकर नदारद बताया जा रहा है।

स्याल्दे विकासखंड के देघाट थाना क्षेत्र में सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली 11 साल की नाबालिग छात्रा ने एक टीचर पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस को शिकायत की गई थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। हालांकि अभी तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया। पीड़ित बच्ची के पिता का कहना है कि इस तरह के आरोपी के खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि आरोपी को कानून की ओर से सख्त सजा दी जाएगी। वहीं देघाट थानाध्यक्ष एसआई दिनेश नाथ ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। धारा 164 के तहत बयान ले लिए गए हैं। जांच अपने अंतिम चरण में है। जांच एसआई हेमा कार्की को सौंपी गई है। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी शिक्षक को विद्यालय से हटा कार्यालय में अटैच किया गया है, लेकिन वह छुट्टी लेकर कार्यालय से गायब है।

# भाजपा ने यूसीसी की सफलता को बताया जनता की मुहर

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा ने यूसीसी की सफलता के आंकड़ों पर प्रसन्नता जताते हुए, इसे देवभूमिवासियों की यूसीसी पर मुहर बताया है। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने उम्मीद जताई कि समान कानूनी अधिकार संपन्न उत्तराखंड का ये स्वरूप, आने वाले वक्त में समूचे भारत को यूसीसी के सूत्र में पिरोएगा।

वहीं विपक्ष से भी जनता के रुख को देखते हुए, अपना नकारात्मक नजरिया बदलने का आग्रह किया। उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में मुख्यमंत्री धामी द्वारा पीएम मोदी के सामने प्रस्तुत समान नागरिक संहिता के अनुभवों को भरोसा दिलाने वाला बताया। कहा, प्रदेश में यूसीसी लागू के इन 4 महीनों के जो भी आंकड़े और जानकारी सामने आई हैं, वो साबित करता है कि लोगों ने इसे पूरी



तरह से स्वीकारा है। इस अल्प समयांतराल में राज्य के लगभग सभी गांवों के लाखों लोग का इससे जुड़ना बताता है कि देवभूमि, समान कानून को व्यवहारिकता में अपना रहा है। जब हम यह जानकारी साझा करते हैं तो प्रदेश के अपने महान नागरिकों पर गर्व का अहसास होता है। उन्होंने कहा, आज सरकार और समाज की कोशिशों से यूसीसी ने राज्य में धर्म, जाति, लिंग, क्षेत्र आदि के भेदभाव को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। हमारी यह सफलता इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि देश दुनिया की निगाह इस पर लगी है। बहुत खुशी होती है यह देखकर कि हम सबकी, सामूहिकता से की गई कोशिशें अब रंग लाने लगी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि शीघ्र ही समान नागरिक कानून की देवभूमि से निकली ये गंगा, देशभर को समान कानून के सूत्र में पिरोएगी। आज देश के कई राज्य हमारे यूसीसी ड्राफ्ट का अध्यन कर रहे हैं और वो समय दूर नहीं होगा, जब देश के अन्य सूबों से होते हुए यह कानून समूचे भारत में लागू होगा। देश में यूसीसी लागू होना आम जनता की सहूलियत के साथ संविधान निर्माताओं के सपनों को भी पूरा करने वाला साबित होगा। वहीं उन्होंने इस मुद्दे पर अब तक नकारात्मक रुख अपनाए हुए कांग्रेस और विपक्ष से भी अपना नजरिया बदलने का आग्रह किया है।

# सीएम के सेवा, संवेदना और सुशासन की मिसाल, जनता दरबार में 70 वर्षीय वृद्धा को 10 मिनट में मिला समाधान

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 'सेवा और सुशासन' के संकल्प के अंतर्गत प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री जनसंवाद (जनता दरबार) में सोमवार को एक 70 वर्षीय वृद्ध महिला अपनी पीड़ा लेकर पहुँचीं।

वृद्धा ने बताया कि उनके पति का देहांत तीन वर्ष पूर्व हो चुका है और उसके बाद उनके बच्चों ने भी उन्हें घर से अलग कर दिया। आर्थिक तंगी में एकाकी जीवन जी रही महिला को किसी ने सरकार द्वारा संचालित वृद्धावस्था पेंशन योजना के बारे में जानकारी दी। इस पर उन्होंने एक



जन संवाद में जनसमस्याएं सुनते अधिकारी।

व्यक्ति की सहायता से जिले में लेटर मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से मुख्यमंत्री जनसंवाद के तहत जिले में आयोजित होने वाले जनता दरबार में अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि यह पहली बार था जब वह किसी सरकारी मंच पर पहुंचीं और वह आश्चर्यचकित रह गईं जब उन्हें तुरंत समाधान मिल गया।

जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशन में आयोजित जनता दरबार की अध्यक्षता कर रहे मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने वृद्धा की समस्या को गंभीरता से लेते हुए समाज कल्याण अधिकारी दीपंकर घिल्डियाल को निर्देशित किया कि महिला की वृद्धावस्था पेंशन तत्काल प्रभाव से स्वीकृत की जाए। समाज कल्याण अधिकारी ने महिला को जनसेवा केंद्र भेजने के स्थान पर 'सारथी' सेवा के माध्यम से सीधे समाज कल्याण विभाग भिजवाया, जहां निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए मात्र 10 मिनट में वृद्धा की पेंशन स्वीकृत कर दी गई। प्रशासन द्वारा जनता दरबार के माध्यम से प्राप्त आवेदन पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए समाधान प्रदान किया गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि आमजन की शिकायतों और आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने हेतु जिला प्रशासन पूरी सक्रियता से कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री जनसंवाद कार्यक्रम जनता और शासन के बीच प्रभावी संवाद एवं समस्या समाधान का एक सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ वास्तविक ज़रूरतमंदों तक सीधे पहुँच रहा है।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज का वार्षिकोत्सव समारोह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न



**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भक्तराम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गौचर में विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह विभिन्न राज्यों की संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया।

वार्षिकोत्सव समारोह की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि जिला औद्योगिक विकास संगठन के अध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य चमोली, वीरेंद्र सिंह नेगी, विशिष्ट अतिथि संदीप सिंह नेगी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गौचर, आकाश सारस्वत प्राचार्य डाइट गौचर, तथा महेश चौधरी रेजिडेंट ईजी एवं भू वैज्ञानिक आरबीएन एल गौचर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता संकुल प्रमुख शंभू प्रसाद चमोला जी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री जगमोहन सिंह गुसाईं पूर्व प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में हुआ। छात्र–छात्राओं के विभिन्न कार्यक्रम नंदा देवी राजजात, रामी–बौराणी, काफल पाको, मराठी, असमी, कवाली, शारीरिक कार्यक्रम, तथा विभिन्न राज्यों की संस्कृति कार्यक्रम की झलक की गई, तथा बाहर से आए हुए दर्शकों ने रंगारंग कार्यक्रमों का लुप्त उठाया।

इस अवसर पर वर्ष 2023–24 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12 वीं के 31 छात्र ध छात्राओं की माताओं को कमला नेहरू पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा 2025 के हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में 75: से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 43 छात्र–छात्राओं को प्रतिभा पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मदन सिंह चौधरी, सुशील मल्ल, ललित सती, शंकर महावीर, मुकेश रावत, बृजमोहन भारती, भावना पुरोहित, विवेक मैखुरी, सुनील, सुमित मैखुरी, शिवम, अखिलेश खंडूरी, तनीषा, कर्मेंद्र रौथाण , और कविता जी आदि मौजूद रहे।



# रुद्रनाथ ट्रैक पर रास्ता भटके 6 युवकों का थाना गोपेश्वर पुलिस ने किया सकुशल रेस्क्यू

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** 24 मई की रात्रि लगभग 11रू50 बजे थाना गोपेश्वर पुलिस को एक सूचना मिली कि रुद्रनाथ ट्रैक पर कुछ यात्री रास्ता भटक गए हैं। पुलिस ने तत्काल एक यात्री से फोन पर संपर्क किया तो उसने बताया कि वे कुल 06 लोग हैं और मंडल से रुद्रनाथ के लिए निकले थे, लेकिन हंस बुग्याल के पास, जो रुद्रनाथ से करीब 2 किलोमीटर पहले है, रास्ता भटक गए हैं। बात करते–करते यात्री का मोबाइल फोन बंद हो गया। जिसके बाद उससे कोई सम्पर्क नहीं हो पाया। थाना गोपेश्वर पुलिस द्वारा युवकों की सटीक लोकेशन जानने के लिए सर्विलांस सेल की मदद ली, लेकिन फोन बंद होने के कारण उनकी सही स्थिति का पता नहीं चल सका।

जिसके पश्चात थाना गोपेश्वर पुलिस द्वारा थाना स्तर पर एक रेस्क्यू टीम गठित की गयी, किन्तु पैदल मार्ग पर घना जंगल, अंधेरा व मौसम खराब होने के कारण रेस्क्यू प्रारम्भ नहीं किया जा सका। पुलिस टीम द्वारा आज प्रातरू स्थानीय क्षेत्र के अनुभवी लोगों को साथ लेकर व्यापक स्तर पर रेस्क्यू अभियान चलाया गया, लगातार चले सघन सर्च ऑपरेशन के पश्चात दोपहर लगभग दो बजे संयुक्त टीम द्वारा सभी 06 युवकों को सकुशल रेस्क्यू कर लिया गया।

# गौला नदी से ओवरलोड आरबीएम ला रहे ट्रैक्टर को पकड़कर किया सीज, केस दर्ज

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** गौला नदी से खनन निकासी सत्र समाप्त होने के दिन जैसे–जैसे नजदीक आ रहे हैं गौला निकासी गेटों से खनन चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है, वन विभाग द्वारा आज एक ट्रैक्टर को निर्धारित मानकों से 32 कुंतल अधिक आरबीएम लाने पर पकड़ कर उसे सीज कर दिया।

तराई पूर्वी वन प्रभाग गौला रेंज के वन क्षेत्राधिकारी चंदन सिंह अधिकारी ने बताया कि उन्हें सूचना मिल रही है कि पिछले कुछ दिनों से जब से गौला खनन सत्र समाप्त होने को अभी अब कुछ दिन ही शेष रह गए हैं, ऐसे में कुछ वाहन स्वामी गौला निकासी गेटों के कुछ कर्मचारियों से साँठ–गांठ करते हुए निर्धारित मानकों से अधिक आरबीएम भरकर ला रहे हैं, तथा उन्हें कुछ चुनिंदा स्टोन क्रशरों में डाल रहे हैं, वन विभाग के अधिकारियों ने मामले की शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों से करते हुए निकासी गेटों में तैनात कर्मचारियों को हटाकर दूसरे कर्मचारी तैनात करने तथा चोरी रोकने के लिए सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। जिसके तहत अब कई उड़न दस्ते इस काम में लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आज दोपहर को वन कर्मियों ने निर्धारित मानकों से 32 कुंतल अधिक आरबीएम लाने पर एक ट्रैक्टर ट्राली को सीज करते हुए मामले में मुकदमा पंजीकृत किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से लालकुआं समेत कई गौला निकासी गेटों में धड़ल्ले के साथ ओवरलोड आरबीएम चोरी होने की जानकारी मिल रही है।

# शौर्य महोत्सव : सफाई अभियान में जुटी महिला मंगल दल चेपड़ो

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड के प्रथम अशोक चक्र विजेता शहीद भवानी दत्त जोशी की स्मृति में 6 जून से 8 जून तक होने वाले शौर्य महोत्सव की तैयारियों जोरो पर चल रही है। जहा सोमबार को महिला मंगल दल चेपड़ो की महिलाओं द्वारा मेला स्थल तथा शहीद स्मारक की साफ सफाई की गई,महिला मंगल दल अध्यक्ष नीलू शाह ने जानकारी दी कि मेला स्थल शहीद भवानी दत्त स्मारक इंटर कॉलेज चेपडो के मैदान व शहीद स्मारक के आस पास की सोमबार को समस्त महिला मंगल दल की महिलाओं ने झाड़ियों का कटान, मेला स्थल, शहीद स्मारक, रास्तों की सफाई की। मेला कमेटी के अध्यक्ष बीरू जोशी व सयोजक दिगपाल सिंह गड़िया ने बताया कि महिला मंगल दल चेपडो का शौर्य महोत्सव में प्रतिवर्ष बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहता है। गॉव की समस्त महिलाओं के द्वारा हर वर्ष मेले से पूर्व सम्पूर्ण मेले स्थल व शहीद स्थल, रास्तो की सफाई की जाती है। इसके साथ ही महिला मंगल दल मेले के समय सभी साफ सफाई का ध्यान रखती है व मेले में आने वाले आगन्तुको को पेयजल, जलपान, की व्यवस्था निस्वार्थ भाव से करती है। इस अवसर पर महिला मंगल दल अध्यक्ष नीलू शाह, उपाध्यक्ष सविता जोशी, कोषाध्यक्ष महेशी देवी, सचिव मंजू जोशी, नीमा शाह, दीक्षा जोशी, कली देवी, पूजा शाह , विमला देवी, प्रिया शाह, अंकिता शाह, दुर्गा देवी, जानकी देवी, हरमा देवी, कमला जोशी, नंदी शाह, मंजू शाह, शकुंतला जोशी आदि महिलाएं उपस्थित थी।



# मां देवराड़ी देवी की देवरा यात्रा अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर, श्रीकोट से अपने ससुराली गांव काण्डेय को विदा हुई

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** आदिशक्ति माँ देवराड़ी देवी की (बन्याथ) देवरा यात्रा अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर हो चली है। 27 मई को मां भगवती देवराड़ी देवी बनातोली मंड़प में पहुंच जायेगी जहां पर देवी मां, लाटू व सिगंलाश आदि देवताओं की मौजूदगी में धार्मिक क्रियाकलाप के साथ अनुष्ठान आदि कार्यक्रम संपन्न होंगे। तत्पश्चात 05 जून को देवराड़ी देवी विधि–विधान पूर्वक अपने मंदिर के गर्भगृह में स्थापित हो जायेगी।

बीते रोज ग्राम बौंला से रात्रि विश्राम के लिये श्रीकोट गांव पहुची मां देवराड़ी देवी की आज सोमवार को प्रातः काल पुजारी प्रकाश देवली व गणवें आशीष पाण्डेय द्वारा देवताओं का मंत्रोच्चारण व पूजा अर्चना की गई।

तत्पश्चात देवी मां अपने भाई लाटू व सिंगलास देवता आदि के साथ देवकोठरी से बाहर आई और अवतरित होकर अपनी ध्याड़ियों व भक्तो को दर्शन तथा आशीर्वाद दिया। इस मौके पर ग्रामवासियों द्वारा देवी मां को अक्षत, श्रृंगार सामग्री आदि भेंट करते हुए घर गांवों व क्षेत्र में सुख समृद्धि और खुशहाली बनी रहने की मनौतियां मांगी गई। ग्रामवासियों ने इस मौके पर देवरा यात्रा में शामिल देवी देवताओं के निशान आदि के साथ नृत्य का आनंद भी लिया। तदुपरांत देवी मां सहित साथ में मौजूद देवताओं को अपनी गांव से देवी मां की ससुराली गांव काण्डेय को विदा कर दिया गया। इस अवसर पर महिलाओं के आलावा ग्रामवासी सुरेन्द्र सिंह नेगी, पुष्कर सिंह नेगी, रघुवीर सिंह बिष्ट, दिनेश रावत, विक्की नेगी आदि जहां मौजूद रहे वहीं देवरा यात्रा में पुजारी प्रकाश देवली, गणवें आशीष पाण्डेय, देवरा यात्रा समिति अध्यक्ष उम्मेदसिंह चौधरी, प्रेम सिंह बिष्ट, भोग शास्त्री भगवती प्रसाद खंडूड़ी, धूम सिंह चौधरी, गंगा सिंह, ऐरवाले शाहिल, सौरभ, गणेश, सुखदेव, कैलाश आदि शामिल रहे।



27 May 2025_Copy of Layout 1 5/27/2025 2:00 PM Page 6



# चांदनीखाल-रडुवा-कांडई सड़क निर्माण के लिए भूमि विवाद का मामला हुआ हल

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** काफी संघर्षो के बाद चान्दनीखाल रडुवा, काणडई– चंद्रशिला रैसू सड़क बनने का रास्ता साफ हो गया है। सड़क में अधिगृहीत कृषि भूमि स्वामियो ने अनापत्ति प्रमाणपत्र लोक निर्माण विभाग पोखरी के अधिशासी अभियंता राजकुमार को सौपा है ।



बताते चले कि लोनिवि डिवीजन पोखरी के तहत चान्दनीखाल –रडुवा –कांडई चंद्रशिला –रैसू सड़क निर्माण का मामला भूमि विवाद के कारण कई सालो से लटका हुआ था। ग्रामीणों के आपसी प्रयासों से सड़क निर्माण के लिए अपनी–अपनी जमीन देने की सहमति बनी, सोमवार को सड़क संघर्ष समिति के अध्यक्ष दिनेश रडवाल की नेतृत्व में रडुवा और काणड ई चंद्रशिला के ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राजकुमार से मिलकर भूमि विवाद समाप्त होने सम्बंधी सहमतिः अनापत्ति प्रस्ताव ईई को सौंपकर सड़क निर्माण की कार्रवाई पुनः शुरू करवाने की मांग की।

इस अवसर पर सड़क संघर्ष समिति के अध्यक्ष दिनेश रडवाल, जगदीश नेगी , प्रधान प्रदीप बर्त्वाल, मदन रडवाल , मोहन सिंह बर्त्वाल, शिशुपाल बर्त्वाल, सतीश ,लखपत राणा, विकेन्द्र राणा, दशरथ बर्तवाल, सुखदेव बर्तवाल, बच्चन सिंह नेगी , सुबेदार तेजपाल सिंह बर्त्वाल, छोटिया लाल, जगमोहन बर्त्वाल,मदन तेजराम भट्ट सहित तमाम ग्रामीण मौजूद थे। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राजकुमार से सम्पर्क करने पर उन्होंने कहा कि अब इस सडक के निर्माण के लिए प्रथम एक कि. मी .सडक का पुनसमरेखण तैयार कर अधीक्षण अभियंता को भेजा जायेगा। साथ ही अवर अभियंता को तत्काल सर्वे करने के लिए निर्देशित कर दिया गया है। उसके बाद सड़क निर्माण की कार्यवाही शुरू की जायेगी।



# राज्यपाल ने क्षेत्र की प्रशासनिक, विकासात्मक एवं पर्यटन संबंधी स्थिति की समीक्षा की

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को राजभवन नैनीताल में कुमाऊं मंडल एवं नैनीताल जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अलग–अलग बैठकें कर क्षेत्र की प्रशासनिक, विकासात्मक एवं पर्यटन संबंधी स्थिति की समीक्षा की।

राज्यपाल ने सर्वप्रथम कुमाऊं मंडल आयुक्त दीपक रावत से मंडल से जुड़े प्रमुख विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पर्यटन सीजन के चलते नैनीताल में पर्यटकों का अत्यधिक दबाव देखा जा रहा है, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित होती है। उन्होंने ट्रैफिक जाम की स्थायी समस्या के समाधान हेतु दीर्घकालिक योजना बनाने के निर्देश दिए।

साथ ही, उन्होंने कहा कि नैनीताल के अतिरिक्त वैकल्पिक पर्यटन स्थलों को विकसित कर पर्यटक दबाव को संतुलित किया जाना चाहिए, जिससे समग्र पर्यटन विकास सुनिश्चित हो सके। राज्यपाल ने आईजी कुमाऊं परिक्षेत्र रिद्धिम अग्रवाल से कानून व्यवस्था एवं ट्रैफिक मैनेजमेंट की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी वंदना और एसएसपी पी.एन. मीणा से जिले में चल रहे विकास कार्यों और सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की।



# वट वृक्ष की पूजा कर पति के दीर्घायु की मातृशक्ति ने की कामना

**लालकुआं।** वट सावित्री व्रत के अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु की कामना के लिए वट वृक्ष की पूजा अर्चना करते हुए पूरे दिन उपवास रखा।

क्षेत्र की सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु की कामना को लेकर सोमवार की प्रातः भारी संख्या में महिलाएं स्थानीय मंदिरों में एकत्र होकर वट वृक्ष की पूजा करने पहुंच गयी। इस दौरान महिलाएं वटवृक्ष के चारों ओर कलावा लपेटते हुए उसकी पूजा–अर्चना कर रही थी। इस दौरान अवंतिका कुंज देवी मंदिर, फलाहारी बाबा मंदिर सहित क्षेत्र के तमाम मंदिरों में पूरे दिन महिलाओं द्वारा पूजा अर्चना करते हुए सावित्री सत्यवान की कथा सुनायी गयी। इस अवसर पर उर्मिला मिश्रा गीता भट्ट, बीना जोशी, बबीता भट्ट, सपना सिंह, मीनाक्षी जोशी, भावना पांडे, रीना बिष्ट, लीला गुप्ता, अंजलि अग्रवाल मौजूद थे।

# शराबी ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर जमकर मचाया उत्पात

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिले के लालकुआं कोतवाली गेट के ठीक सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक शराबी युवक ने जमकर उत्पात मचाया। शराबी युवक के इस ड्रामे का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

शनिवार देर शाम लालकुआं कोतवाली गेट के ठीक सामने हाईवे पर शराब के नशे में एक युवक ने सड़क पर जमकर हंगामा काटा। इस दौरान नशे में टल्ली युवक वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भी गाली गलौज कर रहा था। युवक द्वारा हंगामा करता देख पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंचे उसको उठाकर कोतवाली के अंदर ले गए। जहां युवक ने कोतवाली में भी हंगामा किया। युवक के हंगामे के बीच मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसी दौरान स्थानीय लोगों ने युवक का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर दिया जो की अब वायरल हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शीयो ने बताया कि युवक शराब के नशे में धुत था. जो हाईवे के बीच सड़क पर लेटकर यातायात को बाधित कर रहा था। युवक के हंगामा के बीच काफी देर तक हाईवे पर जाम की स्थिति भी बनी रही। इसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी उसे उठाकर कोतवाली के अंदर ले गए। जहां पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम और पता की जानकारी दी। पुलिस ने युवक को हवालात में डाला तो कुछ देर बाद उसका नशा उतरा। जिसके बाद पुलिस ने युवक को चेतावनी देकर छोड़ दिया।



उत्पात मचाते शराबी को काबू करते पुलिस।

# 1 साल से फरार चल रहा आरोपी को पुलिस ने दिल्ली से किया गिरफ्तार

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** वादी मनवर सिंह निवासी गैरसैंण ने थाना गैरसैंण में एक लिखित तहरीर दी थी। तहरीर में उन्होंने बताया था कि उन्हें तकनीकी जानकारी कम होने के कारण वह अक्सर अपने मोबाइल से धनराशि हस्तांतरित करने के लिए सुरेंद्र सिंह पुत्र रघुवीर सिंह निवासी सारिंग गांव, बच्छुवाबाण, गैरसैंण को मोबाइल देते जब उन्होंने अपनी पासबुक प्रिंट करवाई तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ।



पासबुक के अनुसार, सुरेंद्र सिंह ने उनके खाते से अलग–अलग खातों में करीब 15 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए थे। इस गंभीर शिकायत के आधार पर थाना गैरसैंण पर तत्काल मु0अ0सं0 14¢2024 धारा 406 भादवि के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया और मामले की जांच शुरू की गई। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही अभियुक्त सुरेंद्र सिंह लगातार फरार चल रहा था और अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए ठिकाने बदल रहा था। मामले की गंभीरता और अभियुक्त की गिरफ्तारी की आवश्यकता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार महोदय के आदेशानुसार अभियुक्त की तलाश और गिरफ्तारी के लिए एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।

गठित पुलिस टीम ने कड़ी मेहनत, कुशल सुरागरसी, पतारस) और आधुनिक सर्विलांस की सहायता से अभियुक्त के संभावित ठिकानों का पता लगाना शुरू किया। लगातार प्रयासों के बाद, करीब एक वर्ष से फरार चल रहे इस अभियुक्त सुरेंद्र सिंह को आखिरकार राजधानी दिल्ली के सफदरजंग इलाके से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर आगे की आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## कला एव लेखन प्रतियोगिता में अंशु करायत व कृष विश्वास ने मारी बाजी

**खैरना ( नैनीताल )।** दिनांक 26 मई 2025 को स्कॉलर्स होम शिक्षा समिति द्वारा स्कॉलर्स होम विद्यालय में लेखन तथा कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में पूरे विद्यालय के छात्र – छात्राओं को तीन वर्गों में विभाजित किया गया। प्री प्राइमरी,प्राइमरी तथा जूनियर वर्ग में बॉटा गया। प्री प्राइमरी कला प्रतियोगिता में जयश्री बिष्ट ने प्रथम, गणेश कुमार ने दितीय तथा गौरिक आर्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं प्राइमरी वर्ग प्रतियोगिता में दक्ष गोणी ने प्रथम, कौशल जलाल ने द्वितीय, तथा प्रेरिका जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । वहीं जूनियर वर्ग कला प्रतियोगिता में में कृष विश्वास ने प्रथम, गौरांशी लोहनी ने दितीय तथा संध्या करायत तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# बेस्ट मॉडल होगी उत्तराखंड की स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी: रेखा आर्या

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश में बनने वाले खेल विश्वविद्यालय को देश का सर्वश्रेष्ठ मॉडल बनाने की तैयारी है। सोमवार को खेल निदेशालय स्थित सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक में खेल मंत्री रेखा आर्या ने इसके निर्देश दिए।

बैठक में खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि देश में जितने भी खेल विश्वविद्यालय स्थित हैं उन सभी का वर्किंग मॉडल, उनके कोर्स और स्टाफ स्ट्रक्चर का अध्ययन करके प्रदेश में खेल विश्वविद्यालय का बेस्ट मॉडल तैयार किया जाए। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि खेल विश्वविद्यालय में जितने पदों की आवश्यकता है इस बारे में शासन से जल्द अनुमति ली जाए । उन्होंने अधिकारियों को विश्वविद्यालय के कोर्सों को मान्यता दिलाने के लिए यूजीसी के साथ भी पत्राचार करने के निर्देश दिए। खेल मंत्री ने बताया कि खेल विश्वविद्यालय के प्रस्ताव पर केंद्रीय स्तर से वन विभाग की जो आपत्ति थी, उसका निवारण किया जा रहा है । उन्होंने अधिकारियों को इस दिशा में तेज कार्रवाई करने के निर्देश दिए जिससे आगामी 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया जा सके।



खेल मंत्री रेखा आर्य बैठक लेते हुए।

खेल मंत्री ने बताया कि 38 वें राष्ट्रीय खेलों प्रदेश के लिए पदक जितने वाले खिलाड़ियों की नगद इनाम राशि के लिए शासन स्तर से 15 करोड रुपए स्वीकृत हो चुके हैं। खिलाड़ियों से आवेदन मांगे गए हैं और आगामी राष्ट्रीय खेल दिवस पर ही विजेताओं को नगद इनाम राशि वितरित भी जाएगी। खेल मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय खेलों के अलावा भी जिन खिलाड़ियों ने 1 जुलाई 2024 से 31 मार्च 2025 तक राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश के लिए पदक जीते हैं उन्हें भी इसके साथ ही नगद इनाम राशि दी जानी है। बैठक में विशेष प्रमुख खेल सचिव अमित सिन्हा, खेल निदेशक प्रशांत आर्य, संयुक्त निदेशक अजय अग्रवाल, उपनिदेशक शक्ति सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। आउट ऑफ़ टर्न जॉब के लिए बनेंगे अधिसंख्य पद: राष्ट्रीय खेल अन्य राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा में प्रदेश के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न जॉब देने के लिए विभिन्न विभागों में अधिसंख्य पद सृजित करने की मांग की गई है। पहले शासन स्तर से यह कहा गया था कि वर्तमान में जो 57 पद रिक्त हैं पहले उन पर नियुक्ति कर ली जाए, लेकिन सोमवार की बैठक में यह तय हुआ कि सभी पात्र खिलाड़ियों को एक साथ नियुक्ति दी जानी है। इसलिए पहले अधिसंख्य पद सृजित करना जरूरी है। खेल मंत्री ने विशेष प्रमुख खेल सचिव को इस बारे में शासन की जल्द से जल्द अनुमति लेने के लिए निर्देशित किया। खेल विभाग शासन से 400 से अधिक अधिसंख्य पद चाहता है ताकि भविष्य में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को तुरंत नियुक्ति देने में सुविधा रहे।

एक सप्ताह में जारी होगी प्रोत्साहन राशि: मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना और मुख्यमंत्री खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत चुने गए युवा खिलाड़ियों को धनराशि का भुगतान एक सप्ताह के भीतर किया जाएगा। बैठक के बाद खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और उनके बैंक अकाउंट अपडेट किए जा रहे हैं।

## पीएनबी ने रक्षक योजना के तहत बहादुर सूबेदार मेजर पवन कुमार को सम्मानित किया

**देहरादून।** देश की रक्षा करने वाले बहादुर सैनिकों के प्रति अपना अटूट लगाव दोहराते हुए, सार्वजनिक क्षेत्र में देश के अग्रणी बैंकों में से एक, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपनी रक्षक प्लस योजना के तहत शहीद सूबेदार मेजर पवन कुमार के परिवार को ध्1.10 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान की। यह सभी सेवारत सैन्य कर्मियों एवं संबंधित सेवाओं के लोगों के लिए सैलरी अकाउंट स्कीम है। यह राशि शहीद की पत्नी सुषमा देवी को पीएनबी धर्मशाला के सर्किल हेड संजय धर ने सौंपी। इस राशि में पीएआईएस बीमा योजना के तहत दी जाने वाली एक करोड़ की राशि एवं सीमा पार होने वाली गोलीबारी में मृत्यु की दशा में पीएआई कवर की 10 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि शामिल है। इस अवसर पर बोलते हुए, पीएनबी के कार्यकारी निदेशक विभु प्रसाद महापात्रा ने कहा, "हमारे सैनिकों द्वारा दिखाया गया साहस और समर्पण हमारे राष्ट्र की सुरक्षा की रीढ़ है।"

# मेडिका में बिना सर्जरी के नौ माह की बच्ची ने दुर्लभ हृदय रोग को दी मात

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** दक्षिण दिनाजपुर के हिली की नौ माह की एक बच्ची ने असाधारण साहस और चिकित्सकीय कौशल की मिसाल कायम करते हुए बिना सर्जरी के एक जटिल हृदय प्रक्रिया से जीवनदान पाया है।

यह जीवनरक्षक प्रक्रिया मेडिका सुपरस्पेशलिटी अस्पताल (मणिपाल हॉस्पिटल्स नेटवर्क की इकाई) में डॉ. अनिल कुमार सिंघी, प्रमुख दृ पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी एवं सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न की गई। इस प्रक्रिया में एनेस्थीसिया, कार्डियोलॉजी, पीडियाट्रिक्स तथा सीटीवीएस सर्जिकल टीम की बहुविशेषज्ञ टीम का सहयोग निर्णायक रहा। इस उपचार को पश्चिम बंगाल सरकार की 'शिशु सथी' योजना के अंतर्गत निःशुल्क प्रदान किया गया, क्योंकि किसान परिवार से आने वाली इस बच्ची के परिजन इतना महंगा उपचार वहन नहीं कर सकते थे।

बच्ची "अनन्या" (परिवर्तित नाम) का जन्म एक किसान परिवार में हुआ था और 2024 के अंत से ही उसे सांस लेने में परेशानी और वजन नहीं बढ़ने की समस्या थी। दवाइयों से कोई विशेष लाभ न मिलने पर परिजन चिंतित हो उठे। चार माह की उम्र में ही स्थानीय जांच में उसे जन्मजात जटिल हृदय दोष का पता चला। बाद में उसे मेडिका सुपरस्पेशलिटी अस्पताल भेजा गया।

# सरोज देवी फाउंडेशन का देहरादून में सफल जन जागरण अभियान छात्राओं और अध्यापिकाओं ने दिखाई उत्साहपूर्ण भागीदारी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** आज सरोज देवी फाउंडेशन ने देहरादून के सी.एन.आई. इंटर कॉलेज, राजपुर रोड पर एक महत्वपूर्ण जन जागरण अभियान का सफल आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों छात्राओं और अध्यापिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में जागरूकता बढ़ाना था, और इसमें उपस्थित जनसमुदाय की सक्रिय भागीदारी ने इसे विशेष बना दिया। अभियान के दौरान, विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई और उपस्थित लोगों को महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। कार्यक्रम में सरोज देवी फाउंडेशन के प्रमुख सदस्य और समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें बेबी चंद, विजय जायसवाल, संजीव शर्मा, सुभाष चंद्र और अंजलि ज्ञान प्रमुख थे। इन सभी ने अभियान की सफलता में अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

इस जन जागरण अभियान ने छात्राओं और अध्यापिकाओं को समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियों और अधिकारों के बारे में शिक्षित करने का एक अनूठा अवसर प्रदान किया। सरोज देवी फाउंडेशन ने एक बार फिर साबित किया कि वे सामाजिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध हैं और ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर रहे हैं। इस आयोजन ने निश्चित रूप से सी.एन.आई. इंटर कॉलेज के परिसर में एक नई चेतना का संचार किया।

# हालात सामान्य होने के बाद बढ़ने लगी चारधाम यात्रियों की संख्या: सतपाल महाराज

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि चारधाम यात्रा सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से चल रही है। देश–विदेश के कोने–कोने से श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए पहुंच रहे हैं। प्रदेश के अन्य पर्यटन स्थलों में भी पर्यटकों की संख्या लगातार वृद्धि हो रही है।

श्री महाराज ने बताया कि भारत–पाक संघर्ष विराम के बाद अब हालात धीरे धीरे सामान्य हो रहे हैं।



यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं जबरदस्त उत्साह है। चारधाम यात्रा को लेकर लोगों ने अपनी बुकिंग करवानी शुरू कर दी है। बुकिंग शुरू होने से टूर एवं ट्रेवेल्स इंडस्ट्री से जुड़े लोगों और स्थानीय व्यापारियों को भी राहत मिली है। चारधाम एवं हेमकुण्ड साहिब हेतु अभी तक कुल 34 लाख के लगभग श्रद्धालु अपना आफलाइन एवं आनलाइन पंजीकरण करवा चुके हैं। जबकि श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री एवं हेमकुंड साहिब सहित अभी तक 15 लाख के लगभग श्रद्धालु अभी तक दर्शनों का लाभ उठा चुके हैं।

इसके अलावा जीएमवीएन के गेस्ट हाऊसों की बुकिंग के आधार पर कहा जा सकता है कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु अब चारधाम का रुख करने लगे हैं। उन्होंने बताया कि फरवरी 2025 से शुरू हुई जीएमवीएन गेस्ट हॉउसों की ऑनलाइन और ऑफलाइन बुकिंग के तहत अभी तक कुल 14, 25, 41075 (चौदह करोड़ पच्चीस लाख इकतालीस हजार पिचहतर) रुपये से अधिक की बुकिंग की जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि कैलाश मानसरोवर यात्रा 05 वर्ष के पश्चात 30 जून 2025 को दिल्ली से प्रारम्भ हो रही है। इस यात्रा में इस वर्ष कुल 250 यात्री ही प्रतिभाग कर सकेंगे। अंतिम बार यह यात्रा वर्ष 2019 में संचालित हुई थी। उस दौरान कोरोना महामारी के कारण इस यात्रा को रोक दिया गया था। लेकिन इस वर्ष फिर से इस यात्रा का संचालन किया जा रहा है और इस वर्ष इस यात्रा में 50–50 यात्रियों के कुल 05 दल कैलाश यात्रा पर जायेंगे। पहला दल 10 जुलाई को लिपुलेख पास से होते हुए चीन में प्रवेश करेगा। यात्रियों का अंतिम दल 22 अगस्त को चीन से भारत लौटेगा। इस यात्रा का संचालन कुमायूँ मण्डल विकास निगम नैनीताल द्वारा किया जा रहा है।इस यात्रा का रूट टनकपुर से धारचूला होते हुए कैलाश मानसरोवर जायेगा तथा वापसी में चौकोडी होते हुए अल्मोडा से वापसी करेगा। कैलाश मानसरोवर यात्रियों का मेडिकल परीक्षण दिल्ली में किया जायेगा।

# सांस्कृतिक दलों के पंजीकरण प्रक्रिया की हुई शुरुआत

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** कुमाऊँ मंडल के 6 जनपदों के सांस्कृतिक दलों के सूचना एवं लोक संपर्क विभाग उत्तराखंड में पंजीकरण हेतु हल्द्वानी एमबीपीजी कॉलेज में सोमवार से ऑडिशन प्रक्रिया प्रारम्भ पंजीकरण प्रक्रिया के पहले दिन उधमसिंह नगर जिले के 27 सांस्कृतिक दल रहे शामिल।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग द्वारा राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों का विभागीय गीत नाट्य योजना के तहत पंजीकृत सांस्कृतिक दलों के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाता है। इसके तहत गढ़वाल मंडल के अंतर्गत आने वाले जनपदों का ऑडिशन सूचना भवन देहरादून में विगत 13 मई से 20 मई तक संपन्न हुआ। सोमवार से कुमाऊं मंडल के अंतर्गत आने वाले जनपदों का ऑडिशन हल्द्वानी एमबीपीजी कॉलेज में प्रारम्भ हो गया है जो 30 मई, 2025 को संपन्न होगा।



सांस्कृतिक दलों की पंजीकरण प्रक्रिया संपन्न कराते हुए।

इस अवसर पर सूचना एवं लोक संपर्क विभाग देहरादून से आए संयुक्त निदेशक केएस चौहान ने कहा कि सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग राज्य सरकार की योजनाओं उपलब्धियों का प्रचार प्रसार विभिन्न माध्यमों से करता है। राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप विभागीय गीत एवं नाटय योजना अंतर्गत विभाग में पंजीकृत इन सांस्कृतिक दलों के माध्यम से सरकार की योजनाओं, नीतियों, निर्णयों एवं उपलब्धियों को आम जनता तक आसानी से पंहुचाने हेतु सुदूरवर्ती क्षेत्रों में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं। इस योजना से एक ओर राज्य की अपनी लोक संस्कृति को सहेजने और संजोने का कार्य हो रहा है। वहीं स्थानीय प्रतिभाओं को आगे आने का भी अवसर मिल रहा है साथ ही उन्हें रोजगार भी मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर पंजीकृत लोक गीत, लोक नृत्य, कठपुतली, कब्बाली, भजन, नाटक, नुक्कड़ नाटय दलों के पंजीकरण से शासन की नीतियों निर्णयों और उपलब्धियों के प्रचार–प्रसार का कार्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से किये जाने के साथ ही युवाओं को भी इससे अपनी लोक संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है। सांस्कृतिक दलों की चयन प्रक्रिया में संस्कृति के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं वरिष्ठ संस्कृति व रंग कर्मी अनिल घिल्डियाल घनश्याम भट्ट, केन्द्रीय संचार ब्यूरो से श्रद्धा गुरुरानी, भारतखंडे अल्मोड़ा से सुनील कुमार एवं सूचना अधिकारी हल्द्वानी मीडिया सेंटर प्रियंका जोशी शामिल है।

## खाई में गिरा डंपर, चालक की मौत

**टिहरी।** थत्यूड मोटर मार्ग पर बंदरकोट से दो किलोमीटर आगे एक डंपर वाहन खाई में गिर गया। इस दौरान चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने चालक के शव को बाहर निकाला। मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, डंपर संख्या( यूके16 सीए 0375) रात करीब 12 बजे सड़क की दीवार बैठने के कारण 50 मीटर खाई में जा गिरा। जहां वाहन चालक रितेश पुत्र रघुदास ग्राम बागी जौनसार की मौके पर ही मौत हो गई।घटना के समय अन्य वाहन चालकों ने मृतक को वाहन निकालने की बहुत कोशिश की लेकिन शव ट्रक के नीचे फसे होने के कारण सफल नहीं हो सके। रात्रि में 112 के माध्यम से पुलिस को सूचित किया।

## एस.के. आर्य ने गुरुकुल कांगड़ी (मानित विश्वविद्यालय) के चांसलर का कार्यभार संभाला

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** वैदिक मूल्यों और राष्ट्रीय गौरव से समर्पित भारत के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में से एक गुरुकुल कांगड़ी (मानित विश्वविद्यालय) ने आज गर्व के साथ घोषणा की कि जेबीएम समूह के चेयरमैन एस.के. आर्य ने विश्वविद्यालय के चांसलर (कुलपति)के रूप में आधिकारिक रूप से कार्यभार संभाल लिया है।

एस.के. आर्य एक प्रख्यात उद्योगपति, समाजसेवी और आर्य समाज के दृढ़ अनुयायी हैं। वे आर्य समाज के सिद्धांतों और विरासत से गहराई से जुड़े एक परिवार की तीसरी पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में जेबीएम समूह ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रिक वाहन, रिन्यूएबल एनर्जी, पर्यावरण प्रबंधन और आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस जैसे विविध क्षेत्रों में एक वैश्विक शक्ति बनकर उभरा है।

वर्तमान में वे अखिल भारतीय दयानंद सेवा आश्रम संघ के अध्यक्ष, दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के संरक्षक, और विशेष रूप से महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती और आर्य समाज स्थापना की 150वीं वर्षगांठ समारोह की राष्ट्रीय समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं।

गुरुकुल कांगड़ी की स्थापना स्वामी श्रद्धानंद ने भारत की सांस्कृतिक, नैतिक और आध्यात्मिक विरासत को वैदिक ज्ञान और आधुनिक शिक्षा के समन्वय से पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से की थी।

## राशन विक्रेताओं के बकाया लाभांश भुगतान जल्दः रेखा आर्या

**देहरादून।** प्रदेश के राशन विक्रेताओं के लिए खुशखबरी है। कोविड के समय से रुके हुए उनके लाभांश का भुगतान जल्द होने जा रहा है। सोमवार को शासन स्तर से इसके लिए 44 करोड रुपए से ज्यादा की धनराशि जारी कर दी गई है।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि कोविड–19 महामारी के दौरान प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना तथा आत्मनिर्भर भारत योजनान्तर्गत आवंटित खाद्यान्न पर अन्तर्राज्यीय परिवहन, लदाई धराई तथा सस्ता गल्ला विक्रेताओं के अतिरिक्त लाभांश की धनराशि का भुगतान नहीं हो पाया था। इसके लिए प्रदेश के राशन विक्रेता कई बार यह मांग उठा चुके थे।

## अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटी कार, बड़ा हादसा टला

**टिहरी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** ऋषिकेश–बदरीनाथ हाईवे पर रविवार को पंतगांव के पास नोएडा के यात्रियों की एक कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। कार के पलटते ही चीख पुकार मच गई।

गनीमत रही कि कार खाई की तरफ नहीं गिरी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। सभी परिवार के लोग सुरक्षित हैं। थानाध्यक्ष महिपाल सिंह रावत के अनुसार, नोएडा निवासी अनुभव प्रसाद डिमरी पुत्र वीरेंद्र प्रसाद अपनी पत्नी और बच्चों के साथ श्रीकोट गंगानली, श्रीनगर की ओर आ रहे थे। पंतगांव के पास ड्राइवर अनुभव को अचानक झपकी आ गई, जिसके बाद उन्होंने हैंडब्रेक खींच लिया। इससे कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। सौभाग्य से वाहन में सवार सभी लोग सुरक्षित रहे।मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने क्रेन की मदद से कार को सीधा कर सड़क किनारे खड़ा कर दिया। इस घटना के बाद पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि रात के समय लंबी यात्रा करने से बचें, खासकर थकान या नींद आने की स्थिति में। थानाध्यक्ष रावत ने कहा ऐसी अप्रिय घटनाओं से बचने के लिए यात्रा के दौरान ब्रेक लेना और सतर्क रहना जरूरी है। बता दें कि है कि ऋषिकेश–बदरीनाथ हाईवे पर हाल के दिनों में कई दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें वाहनों के नदी में गिरने, आग लगने और टक्कर की घटनाएं शामिल हैं । इस मार्ग पर यातायात नियंत्रण और सुरक्षा उपायों को लेकर स्थानीय प्रशासन सक्रिय है।



सड़क पर पलटी कार।

## न्यूज डायरी

### चंबा बाजार में दो पक्षों में मारपीट, चले लाठी–डंडे



**टिहरी।** चंबा बाजार में दो गुटों में अपसी विवाद के बाद जमकर लाठी–डंडे चले। इसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई। पुलिस ने दोनों पक्षों का शांतिभंग में चालान भी किया। उधर, इस लड़ाई–झगड़े का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। चंबा बाजार के वीसी गबर सिंह चौराहे के पास दो पक्षों में किसी बात हो लेकर कहासुनी हो गई। यह विवाद इतना बढ़ कि बाजार के बीच सड़क पर ही दोनों पक्षों में हाथापाई शुरू हो गई। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक–दूसरे पर जमकर लाठियां बरसाई। इस दौरान मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई है। इस बीच भीड़ में से ही किसी ने मारपीट का वीडियो बना लिया। बीच बाजार रही इस मारपीट की जानकारी लोगों ने पुलिस को दी। जिससे बाद आनन फानन में मौके पर पहुंची। पुलिस. बाद में दोनों पक्षों को को थाने लाया गया। जिसके बाद पुलिस ने शांतिभंग में चालान किया। इसके बाद दोनों पक्षों में राजीनामा भी हो गया है। थानाध्यक्ष लखपत सिंह ने बताया कि समझाने के बाद दोनों पक्ष के बीच विवाद सुलझ गया है। दोनों पक्षों का शांतिभंग में चालान भी किया गया।

## पेज 01 का शेष...

### मालन पुल सहित सात योजनाओं का मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल लोकार्पण

कार्यक्रम में मौजूद विधानसभा अध्यक्ष व स्थानीय विधायक ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कहा कि कोटद्वार में मुख्यमंत्री के सहयोग से लगातार विकास कार्य कराये जा रहे हैं। क्षतिग्रस्त मालन पुल का कार्य भी तेजी से पूरा किया गया है। इस अवसर पर नगर निगम कोटद्वार मेयर शैलेंद्र सिंह रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष राज गौरव नौटियाल जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान उपस्थित थे।

जिन योजनाओं का लोकार्पण हुआ उनमें 26 करोड़ 75 लाख 95 हजार की लागत से चिल्लरखाल–सिगड्डी–कोटद्वार–पाखरो मोटर मार्ग पर मोटाढाक के निकट मालन नदी पर 325 मीटर स्पान के पूर्व निर्मित आरसीसी वॉयडेड स्लैब सेतु का सुरक्षात्मक कार्य। 4 करोड़ 50 लाख 19 हजार की लागत से चिल्लरखाल–पाखरो मोटर मार्ग के 12 किलोमीटर में स्थित 385 मीटर स्पान के सुखरौं पुल का सुरक्षात्मक कार्य।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com

Website : www.nazariyakhabar.com

डाक पंजीयन: UA/DO/DDN/402/2017-19